कोक-अपोलो समेत 80 कंपनियां आएंगी 5000 युवाओं के लिए जॉब भी लाएंगी

पेप्सिको के बाद अब गीडा के स्थापना दिवस पर 1200 करोड़ का निवेश करेंगी बड़ी कंपनियां

अमर उजाला ब्यूरो

गीडा के प्लास्टिक पार्क में बनकर तैयार टेक्नोप्लास्ट फैक्टरी। स्रोत-सोशल मीडिया

गोरखपुर। आने वाले साल में गीडा पूर्वांचल में उद्योग और रोजगार का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। इसके लिए गीडा के स्थापना दिवस समारोह में 30 नवंबर को करीब 1200 करोड़ का निवेश धरातल पर उतरेगा। पेप्सिको के बाद मशहूर कोल्ड ड्रिंक्स कंपनी कोकाकोला, कपिला पशु आहार और अपोलो स्टील ट्यूब्स समेत 80 कंपनियां अपना प्लांट लगाने जा रही हैं।

इसके अलावा प्लास्टिक पार्क की पहली फैक्टरी टेक्नोप्लास्ट का उद्घाटन होगा। इन फैक्टरियों के शुरू होने पर पूर्वांचल के पांच हजार नौजवानों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। साथ ही लगभग पांच हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

गीडा की बोतल में भरी जाएगी.. अमेठी की कोकाकोला : कोकाकोला कंपनी की फ्रेंचाइजी एसएलएमजी ग्रुप ने बीते साल अमेठी के छाता में 900 करोड़ से बॉटलिंग प्लांट लगाया था। अब यह कंपनी गीडा में करीब 220 करोड़ का निवेश करने जा रही है। इसके लिए पेप्सिको के बॉटलिंग प्लांट के बगल में 17 एकड़ जमीन तय कर ली गई है। एक साल में यह फैक्टरी बनकर तैयार हो जाएगी। यहां प्लास्टिक रिसाइकिलिंग व बोतल बनाने का काम होगा। इसके चालू होने पर करीब 700 लोगों को रोजगार मिलेगा। स्थापना दिवस के अवसर पर इस कंपनी के प्रतिनिधि को जमीन का आवंटन पत्र सौंपा जाएगा।

एपीएल अपोलो बनाएगी स्टील पाइप : घर की रेलिंग व सीढ़ी के लिए सुंदर, सस्ती व मजबूत स्टील पाइप का सपना भी गीडा में ही साकार होने जा रहा है। इसके लिए 20 एकड़ क्षेत्रफल में स्टील पाइप बनाने वाली कंपनी एपीएल अपोलो ट्यूब्स का शिलान्यास होगा। इस कंपनी को प्लास्टिक पार्क के पास जमीन मिली है। मौके पर कंपनी ने जमीन का सीमांकन शुरू करा दिया है। इनका लेआउट भी बनकर तैयार है। शिलान्यास के बाद कंपनी का निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा। डेढ़ साल बाद यहां से स्टील पाइप का उत्पादन भी शुरू हो जाएगा। करीब 300 करोड़ रुपये यह कंपनी निवेश करने जा रही है। इससे 500 लोगों को रोजगार मिलेगा।

बदल रहा है गोरखपुर

50 करोड़ का विदेशी निवेश भी आ रहा

डिस्टीलरी व्यवसाय से जुड़ी ओम्स एंड स्प्रिट लिमिटेड भी गोरखपुर में यूनिट स्थापित करने जा रही है। इसके लिए कंपनी को पांच एकड़ जमीन आवंटित की गई है। गीडा की यह पहली कंपनी होगी, जिसमें विदेशी निवेश आ रहा है। 50 करोड़ की लागत से बनने वाली इस फैक्टरी से करीब 150 लोगों को रोजगार मिलेगा। इस कंपनी का निर्माण कार्य अगले साल अप्रैल तक शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

दो दिवसीय प्रदर्शनी का सीएम करेंगे उद्घाटन

गोरखपुर। स्थापना दिवस के दो दिवसीय समारोह का 30 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उद्घाटन करेंगे। इस दौरान 80 उद्यमियों को फैक्टरी स्थापित करने के लिए भूमि का आवंटन पत्र सौंपा जाएगा। पिछले साल स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री देशभर के 100 उद्यमियों के साथ बैठक कर गीडा में निवेश के लिए प्रेरित किया था। इसका अच्छा परिणाम सामने आया है। स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगेगी। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) हर साल 30 नवंबर को अपना स्थापना दिवस मनाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्थापना दिवस समारोह में शामिल होते हैं। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। गीडा कार्यालय के पास ही इसके लिए जर्मन हैंगर (वाटर प्रूफ टेंट) लगाए जाएंगे। इसके एक हिस्से में मुख्य मंच बनेगा, जिस पर मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों कोकाकोला, डिस्टीलरी कंपनी ओम्स एंड स्प्रीट लिमिटेड समेत 80 इकाइयों के लिए जमीन का आवंटन पत्र सौंपा जाएगा। इस अवसर पर लगने वाली प्रदर्शनी का भी सीएम निरीक्षण करेंगे। प्रदर्शनी में 150 स्टॉल लगाए गए हैं, जिस पर विभिन्न जिलों के उत्पाद रखे जाएंगे

प्रदर्शनी से मिलेगा ओडीओपी को बढ़ावा : कार्यक्रम स्थल पर दो दिवसीय प्रदेशस्तरीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके लिए करीब 150 स्टॉल लगाए जाएंगे। गीडा प्रशासन का कहना है कि इसमें हर जिले के ओडीओपी उत्पाद को शामिल किया जाना है। इसके अलावा गीडा में लगीं कई प्रमुख कंपनियों के उत्पाद भी प्रदर्शनी में रखे जाएंगे।

अब पूर्वांचल के पशु भी खाएंगे गीडा में बना पशु आहार

गीडा में करीब 100 करोड़ के निवेश से कपिला पशु आहार कंपनी भी अपनी फैक्टरी लगाने जा रही है। इस कंपनी को जमीन का आवंटन पत्र मिलना है। इसके बाद मार्च से पहले इनका निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। कंपनी को पिछले साल भी जमीन आवंटित हुई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से मामला रुका हुआ था। यहां करीब 300 लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

प्लास्टिक पार्क की पहली **यूनिट का होगा शुभारंभ :** औद्योगिक गलियारे में स्थित प्लास्टिक पार्क में पहली फैक्टरी टेक्नोप्लास्ट बनकर तैयार है। प्लास्टिक के जार, बोतल बनाने वाली का यह 14वां प्लांट है। इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और उद्घाटन के साथ ही यहां से उत्पादन भी शुरू हो जाएगा।